moneycontrol

बाजार में क्रैश का खतरा नहीं, स्मॉलकैप में निवेशकों को सावधान रहने की जरुरत: देविना मेहरा

देविना मेहरा का कहना है कि बाजार में जब बाजार में क्रैश का खतरा नहीं होता है तो बाजार में निवेशित रहना ही बेहतर रणनीति होती है। फिलहाल बाजार में क्रैश का खतरा नहीं दिख रहा है। जहां तक लॉर्जकैप शेयरों को सवाल है उनमें भी बड़ी गिरावट की संभावना नजर नहीं आ रही है। हालांकि स्मॉलकैप में निवेशकों को सावधान रहने की जरुरत हैं

December 16, 2023

IT सेक्टर पर अंडरवेट नजरिया रखते हुए देविना मेहरा ने कहा कि आईटी स्टॉक्स पर हमारा थोड़ा अंडरवेट नजरिया बना हुआ है। इस सेक्टर से हमें ना ज्यादा तेजी की उम्मीद नजर आ रही है और ना ही ज्यादा गिरावट की।

बाजार में तेजी की हैट्रिक आगे कितनी जारी रहेगी? बाजार के आगे के आउटलुक पर बात करते हुए हैं **First Global की Chairperson & MD देविना मेहरा** का कहना है कि बाजार में जब बाजार में क्रैश का खतरा नहीं होता है तो बाजार में निवेशित रहना ही बेहतर रणनीति होती है। फिलहाल बाजार में क्रैश का खतरा नहीं दिख रहा है। जहां तक लॉर्जकैप शेयरों को सवाल है उनमें भी बड़ी गिरावट की संभावना नजर नहीं आ रही है। हालांकि स्मॉलकैप में निवेशकों को सावधान रहने की जरुरत हैं।

उन्होंने इस बातचीत में आगे कहा कि कई स्मॉलकैप स्टॉक लिस्टिंग के बाद गायब हो जाते हैं। 2008 में स्मॉलकैप इंडेक्स 80% गिरा था। 2018 में स्मॉलकैप के सिर्फ 8% शेयर नहीं गिरे थे। लिहाजा स्मॉलकैप शेयरों से दूर रहने की संभावना होगी। बता दें कि देविना मेहरा 3 दशक से ज्यादा मार्केट को ट्रैक कर रही है। घरेलू के साथ ग्लोबल मार्केट की भी देविना की अच्छी समझ रखती हैं। उन्होंने HDFC BK, Amazon, Apple जैसे शेयरों पर सबसे पहले भरोसा जताया था।

लॉर्जकैप प्राइवेट बैंकों में निवेश में की कटौती

बैंकिंग सेक्टर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि लॉर्जकैप प्राइवेट बैंकों में मेरी निवेश की सलाह नहीं होगी। मेरा नजरिया बैंकिंग पर अंडरवेट है। पिछले 2 तिमाहियों में हमने बैंकिंग स्टॉक में निवेश में कटौती की है। हमारा रुझान पीएसयू बैंक शेयरों की तरफ ज्यादा है।

मेटल में बड़ी तेजी की उम्मीद नहीं

मेटल सेक्टर पर बात करते हुए देविना मेहरा ने कहा कि मेटल सेक्टर में बड़ी तेजी की उम्मीद नहीं है। ये सेक्टर अंतराष्ट्रीय बाजार से सिग्नल देने वाले सेक्टर है। फॉरेक्स-नॉन फॉरेक्स के भाव अंतराष्ट्रीय बाजार से तय होता है। ऐसे में हमें फिलहाल इस सेक्टर में बहुत बड़ी तेजी की उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

IT सेक्टर पर अंडरवेट नजरिया

IT सेक्टर पर अंडरवेट नजरिया रखते हुए देविना मेहरा ने कहा कि आईटी स्टॉक्स पर हमारा थोड़ा अंडरवेट नजरिया बना हुआ है। इस सेक्टर से हमें ना ज्यादा तेजी की उम्मीद नजर आ रही है और ना ही ज्यादा गिरावट की। उन्होंने आगे कहा कि **लॉर्जकैप आईटी की तुलना में मिडकैप आईटी में ज्यादा निवेशित रहने की सलाह होगी।**

डिफेंस और रेलवे स्पेस में रहें सावधान

डिफेंस और रेलवे स्पेस पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस सेक्टर में थोड़ा सावधान रहने की जरुरत है। इस सेक्टर के स्टॉक्स पर ज्यादा तेजी देखने को मिली है जिसके चलते इनमें थोड़ी सावधानी रख निवेश करना बेहतर रणनीति होगी।